स्वर्ग है खाटूधाम | By Vishal Goel

दुनिया में एक स्वर्ग है जिसको कहते खाटूधाम
सबकी सुनता है वहां पे बैठ के बाबा श्याम

वहां की माटी से महकता हैं चन्दन
लगालो माथे से प्रभु को करके नमन
श्रद्धा और विश्वास से लेता जो बाबा का नाम
सबकी सुनता है वहां पे बैठ के बाबा श्याम

हार कर दुनिया से जो वहां जाता है
पिता बनकर बाबा गले से लगाता है
अपने बच्चों को गिरने से पहले लेता थाम
सबकी सुनता है वहां पे बैठ के बाबा श्याम

अदालत दुखियों की वहां पर लगती है
भाव के दो आंसू फीस यहाँ लगती है
ना अगली तारीख है मिलती होता झटपट काम
सबकी सुनता है वहां पे बैठ के बाबा श्याम

जब कहीं दुनिया में तेरी सुनवाई ना हो
सुना देना हो इनको जो तू कठिनाई में हो
निरमल वापस जाने से पहले ही करदे काम
सबकी सुनता है वहां पे बैठ के बाबा श्याम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%97-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-vishal-goel/